# Maharishi Markandeshwar

## Deemed to be University

## Mullana–Ambala

**(Deemed University established under Section 3 of the UGC Act., 1956)**

**(NAAC Accredited Grade 'A' University)**

# "NSS"

# Report

# On

# Crops residue management and Village Survey



**Date: 12th October, 2019**

**Programme Co-ordinator: -**

**Dr. Karan Aggarwal (Unit-5)**

**Programme officer:**

Dr. Adesh Tripathi

(Unit-4)

NSS Units 4 & 5 of M. M. Deemed to be University, Mullana have organized Crops residue management and Village Survey at Budhian village on 12th October, 2019.

This survey was conducted under the scheme of Unnat Bharat Abhiyan along with farmer were pleased not to burn biomass. Volunteers also discussed that how they can use the residue of crop and decompose it in an efficient way.

Approx. 175 volunteers were participated in this event.

**<u>Survey of the village</u>**








UBA




SS-MMDU,MULLANA

# Maharishi Markandeshwar

## Deemed to be University

## Mullana–Ambala

**(Deemed University established under Section 3 of the UGC Act., 1956)**

**(NAAC Accredited Grade 'A' University)**

# REPORT

## ON

# Ban of Plastic Campaign

## (1st Oct, 2019)




**Programme Co-ordinator: -**

**Er. Karan Aggarwal**

**Programme officer:**

Dr. Adesh Tripathi (Unit-4)

NSS unit 4 of Maharishi Markandeshwar Deemed to be University, Mullana has organized “Ban of Plastic Campaign” on 1st October, 2019 in Bhudian village. Approx 90+ NSS Volunteers participated in this campaign.

The activities involved in this campaign:

1. Slogan Writing
2. Rally

**<u>Slogan writing</u>**








**Rally**




NATIONAL SERVICE
NOT ME, BUT YOU.
Unit-4

## News Coverage

# एन.एस.एस. सदस्यों ने प्लास्टिक का उपयोग न करने बारे किया जागरूक

बराड़ा, 3 अक्तूबर (शर्मा): महर्षि मारकंडेश्वर डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, मुलाना में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान में स्टाप यूज आफ प्लास्टिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति तरसेम कुमार गर्ग, सचिव डा. संजीव गर्ग व कोषाध्यक्ष डा. विशाल गर्ग के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत किया गया।

यूनिवर्सिटी प्रांगण में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक प्रतिबंध पर विभिन्न स्लोगन लिखे व फिर स्वच्छता ही सेवा अभियान

### नुक्कड़ नाटक से बताए प्लास्टिक के नुक्सान

में प्लास्टिक को न कहे विषय पर एक नुक्कड़नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें सभी को प्लास्टिक से होने वाले नुक्सान से अवगत करवाया। इसके उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने गोद लिए बुढ़ियों गांव की ओर रुख किया एवं वहां पर डोर टू डोर जाकर गांव वालों को प्लास्टिक न उपयोग करने के लिए आग्रह किया। ग्रामीणों ने बताया कि वह खुद भी इसके इस्तेमाल को कम करने का प्रयत्न करेंगे। अंत में उन्नत भारत अभियान को-ऑर्डिनेटर इंजीनियर करण अग्रवाल ने सभी गांव वालों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में अक्षय, अभय, रोहन, सौरव, अर्नव, विक्रम, चिन्मय, साहिल, नेहा, दीपक व एबल ने अहम भूमिका निभाई।



*कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले स्वयंसेवक।* (शर्मा)

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 04 October 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/44373467

## News Coverage of Cleanliness Drive at Ambala Cantt Railway Station (11-06-2017)

# बच्चे ही देश का भविष्य : रतन कटारिया

**एम.एम.एम. यूनिवर्सिटी के 10 साल होने पर चलाया स्वच्छता अभियान**





**रतन लाल कटारियं को सम्मानित करते हुए तथा अंबाला रेलवे स्टेशन के बाहर स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते। (वर्मा)**

अम्बाला छावनी, 11 जून (सुरेश सैनी): महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी मुलाना व एम.एम.यू. सादोपुर के छात्रों ने अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान को मुलाना यूनिवर्सिटी के दस साल पूरे होने की खुशी पर आगे बढ़ाया। यह अभियान यूनिवर्सिटी के कुलपति तरसेम कुमार गर्ग, सचिव डा. संजीव गर्ग, कोषाध्यक्ष डा. विशाल गर्ग व उपकुलपति डा. विक्टर गंभीर के निर्देशानुसार किया गया। अभियान में सांसद रतन लाल कटारिया मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर कटारिया ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। अभियान में 110 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों व 20 अध्यापकों ने भाग लिया जिन्होंने अबाला कैंट रेलवे स्टेशन को साफ किया। इंजीनियर करण अग्रवाल, एन.एस.एस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर के दिशा निर्देशन में सभी स्वयंसेवको ने अभियान में भाग लिया। अभियान में डा. हरीश शर्मा वाईस चांसलर सादोपुर, डा. सुमित मित्तल रजिस्ट्रार एम.एम.यू. मुलाना, डा. जे.के. शर्मा डीन स्टूडैंट वैल्फेयर, डा. रितिका वशिष्ठ ए.सी.एम., हंस राज स्टेशन अधीक्षक व करण अग्रवाल एन.एस.एस. प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। रजिस्ट्रार डा. सुमित मित्तल ने मुख्य अतिथि, डा. हरीश शर्मा वाइस चांसलर साधोपुर, डा. रितिका वशिष्ठ ए.सी.एम., हंस राज स्टेशन अधीक्षक का इस अभियान से जुड़ने के लिए धन्यवाद किया।

दैनिक सवेरा Mon, 12 June 2017
dainiksaveratimes.epapr.in//c/19745751

**Ambala Bhaskar (12-06-2017)**

# बिना जनभागीदारी के अभियान सफल नहीं: कटारिया

भास्कर न्यूज़ | अम्बाला

**रेलवे** स्टेशन पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अम्बाला लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि ने स्टेशन परिसर में स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित किया। यहां पहुंचने पर एमएम यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश व प्रदेश को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जो स्वच्छता रूपी अभियान चलाया हुआ है, उसमें सभी को मिलकर सहभागिता सुनिश्चित करनी है। कोई भी अभियान हो, बिना आमजन के सहयोग के उसे पूरा नहीं किया जा सकता। कटारिया ने अम्बाला छावनी



**कैंट स्टेशन परिसर में सफाई अभियान के दौरान झाड़ू लगाते रतनलाल कटारिया व अन्य अधिकारी।**

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर वहां यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान यूनिवर्सिटी की ओर से कर्ण अग्रवाल भी टीम के साथ मौजूद थे।

**Aaj Samaj (12-06-2017)**

# स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान

आज समाज नेटवर्क



अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर अभियान का शुभारंभ करते सांसद रतनलाल कटारिया। आज समाज

**अंबाला।** मुलाना यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा कैंट स्टेशन स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान मुलाना यूनिवर्सिटी के 10 साल पूरे होने की खुशी पर चलाया गया। जिसकी जानकारी यूनिवर्सिटी कुलपति तरसेम कुमार गर्ग ने दी। इस अभियान में अंबाला के सांसद रत्नलाल कटारिया मुख्य अतिथि रहे। रत्नलाल कटारिया ने मौके पर स्वंय झाड़ू लगाकर अभियान की शुरुआत की। मौके पर उन्होने कहा कि नौजवान पीढ़ी देश का भविष्य है। प्रधान मंत्री द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान में नौजवानों के सहयोग से ही देश स्वच्छ बनेगा। इस अभियान में 110 एनएसएस स्वयंसेवकों व 20 अध्यापकों ने भाग लिया। यह अभियान यूनिवर्सिटी के कुलपति तरसेम कुमार गर्ग, सचिव डॉ. संजीव गर्ग, कोष्याध्यक्ष डॉ. विशाल गर्ग व उप कुलपति डॉ. विक्टर गंभीर व इंजीनियर करण अग्रवाल के निर्देशानुसार चलाया गया। इस अभियान में डॉ. हरीश शर्मा वाइस चांसलर सद्दोपुर, डॉ. सुमित मित्तल रजिस्ट्रार एमएमयू मुलाना, डॉ. जेके शर्मा डीन स्टूडेंट वेलफेयर, डॉ. रितिका वशिष्ठ ऐसीएम, हंस राज स्टेशन अधीक्षक व करण अग्रवाल एनएसएस प्रोग्राम संचालक उपस्थित रहे।

**Dainik Jagran (12-06-2017)**



छावनी के रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मुख्यतिथि सांसद रतन लाल कटारिया को सम्मानित करते हुए ● जागरण

# 1.3 लाख शौचालय का हो चुका निर्माण

**जागरण संवाददाता, अंबाला :** छावनी के रेलवे स्टेशन पर महर्षि मार्ककंडेश्वर यूनिवर्सिटी की ओर क्लीन लाइंसेस ड्राइव चलाई गई। इसमें सांसद रतन लाल कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस मौके पर रेल अधिकारियों के साथ-साथ यूनिवर्सिटी प्रबंधक मौजूद थे। सफाई से पूर्व सांसद का स्वागत किया गया है। उसके बाद स्वच्छता का पाठ मौजूद लोगों को पढ़ाया गया। सांसद रतन कटारिया ने कहा कि विकास के साथ-साथ देश को 2 अक्तूबर 2019 तक स्वच्छ राष्ट्र बनाने के लिए देश में 27 लाख 82 हजार व्यक्तिगत और 1.03 लाख सामूहिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। एलपीजी गैस में आधार लिंक के माध्यम से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर देश में 2.50 करोड़ महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए हैं और आगामी दो वर्षों में इतने ही कनेक्शन और दिए जाएंगे। उन्होंने अंबाला संसदीय क्षेत्र में विकास तथा भविष्य की विकास योजनाओं की जानकारी दी।

**Amar Ujala (12-06-2017)**

# अभियान में सभी को निभानी होगी भूमिका: कटारिया

**अंबाला कैंट।** महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी (मुलाना) ने रविवार को छावनी रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंबाला लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने स्टेशन परिसर में स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित किया। कटारिया ने कहा कि देश व प्रदेश को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जो स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है उसमें हम सबको मिलकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश का उज्जवल भविष्य है तथा युवाओं को भी इस अभियान से जुड़कर स्वयं स्वच्छता की अलख जगानी है तथा दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है। इस मौके पर उन्होंने अंबाला छावनी स्टेशन का निरीक्षण कर वहां यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर एमएम यूनिवर्सिटी से डॉ. सुमित, रजिस्ट्रार अशोक कुमार, डॉ. हरीश शर्मा, डॉ. केआर जोशी, शुभादेश मित्तल, पूजा कौशिक, स्टेशन मास्टर हंसराज आदि मौजूद रहे।

# Maharishi Markandeshwar University

# NSS
# Report
# on
# Swachh Bharat Abhiyan




## Venue- Sohana Village                Date -02th October, 2016

**Program Co-ordinator**
**Er. Karan Aggarwal**

**(Unit-3)**

**Program Officer**
**Er. Atul Raj (Unit-1)**
**Mr. Adesh Tripathi**

NSS Unit 1, 3 and 5 of Maharishi Markandeshwar University has organized "Swachh Bharat Abhiyan" in Sohana Village and University Campus on 29th August, 2016. The events involved in this drive were as follows:

1. Cleanliness Drive in Village
2. Pledge

About 280+ NSS volunteers participated in these drive. They clean the village with complete enthusiasm.

Cleanliness Drive in Village






MAHARISHI MARKANDESHWAR UNIVERSITY
NATIONAL SERVICE SCHEME
UNIT 2

# News Coverage of Swachh Bharat Abhiyan (02-10-2016)

## एनएसएस यूनिट ने चलाया स्वच्छता अभियान



ग्रामीणो को शपथ दिलाते एनएसएस स्वयंसेवक। जागरण

**संवाद सहयोगी, बराड़ा :** महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर एनएसएस यूनिट के स्वंयसेवकों ने बड़े उत्साह से मनाया। स्वयंसेवकों द्वारा इस अभियान का आरंभ विश्व विद्यालय के प्रागण की सफाई के साथ किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा गांव सोहाना मे स्वच्छता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागृत किया गया। स्वयं सेवकों ने अध्यापकों व ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे रजिस्ट्रार डा. सुमित मित्तल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. जेके शर्मा, एमएम इंजीनियर कॉलेज प्रधानाचार्य डा. अविनाश शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अभियान मे अरिजीत, सुजीत, दिनेश, कशिश, निशांत, अयुश व अखिलेश आदि स्वंयसेवकों ने सहयोग दिया।

**Dainik Jagran (03-10-2016)**

## एन.एस.एस. यूनिट ने चलाया स्वच्छता अभियान

बराड़ा (उमेश): महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय की एनएसएस यूनिट के स्वंयसेवकों ने बड़े उत्साह से मनाया। एनएसएस के स्वंयसेवकों द्वारा इस अभियान का आरंभ विश्व विद्यालय के प्रांगन की सफाई के साथ किया गया। इस अवसर पर स्वंय सेवकों द्वारा गांव सोहाना में स्वच्छता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागृत किया गया। स्वयं सेवकों ने अध्यापकों व ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रजिस्टार डा. सुमित मित्तल,डीन स्टूडैंट वेलफेयर डा. जे के शर्मा, एम.एम. इंजीनियर कॉलेज प्रधानाचार्य डा. अविनाश शर्मा का विशेष सहयोग रहा। एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर इंजीनियर करण अग्रवाल के निर्देशानुसार आदेश त्रिपाठी ने स्वंय सेवकों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस आयोजन पर विश्वविद्यालय के सचिव संजीव गर्ग और कोषाध्यक्ष डा. विशाल गर्ग ने कहा कि इस अभियान को हम आगे लेकर जाएंगे।

दैनिक सवेरा Mon, 03 October 2016 dainiksaveratimes.epapr.in/c/136

# Maharishi Markandeshwar University

# NSS
# Report
# on

## "Awareness program on Water Conservation"




**Date- 22nd July, 2016**

**Programme Co-ordinator:-**
**Er. Karan Aggarwal**

**Programme officer:**
**Er. Dinesh Kumar (Unit-2)**

NSS unit no. 2 of Maharishi Markandeshwar University has organized "Awareness program on Water conservation" at Sohana village on 22nd July, 2016. The events involved in this drive were as follows:

3. Nukkad Natak
4. Rally
5. Lecture on Water Conservation

About 92+ NSS volunteers participated in this awareness program. NSS

**NUKKAD NATAK**

Our volunteers presented a beautiful act, aware the villagers about importance of water in our day to day life. The theme of the act was "Jal Hai to Kal Hai".






## RALLY

Our volunteers organized a rally in the village on water conservation.







LECTURE ON WATER CONSERVATION

Lecture was delivered by our expert to the villagers about the importance of water conservation. Our expert told the villagers that how can they save the water in day to day life and conserve the water for future use.





News Coverage of Water Conservation Event at Sohana Village on 22/07/2016



जल संरक्षण पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्वयंसेवक।

# जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

बराड़ा, 22 जुलाई (निशांत): महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा गांव सुहाना में जल संरक्षण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय कुलपति तरसेम गर्ग, रजिस्ट्रार डा. एच.के. शर्मा, डीन स्टूडैंट वैल्फेयर डा. जे.के. शर्मा और प्रिंसीपल डा. अविनाश शर्मा के निर्देशानुसार चलाया गया। कार्यक्रम का कार्यभार एन.एस.एस. कार्यक्रम को-आर्डिनेटर ई. करण अग्रवाल, कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ने संभाला। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम की शुरूआत पूरे गांव में रैली निकाल कर की। रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को चौपाल पर एकत्रित किया और उनके समक्ष जल संरक्षण पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक अभिनव, जिज्ञासा, गगन, सुजित, दिनेश, उमंग, अंजू, अनिरबान ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 23 July 2016
epaper.punjabkesari.in/c/119

# स्वंय सेवकों ने जल का महत्व बताया



**जल सरंक्षण पर कार्यक्रम पेश करते स्वंयसेवक। (मसोन)**

बराड़ा 22 जुलाई (उमेश): महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना के एन.एस.एस. स्वंयसेवकों द्वारा गांव सुहाना में जल संरक्षण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय कुलपति तरसेम गर्ग, रजिस्ट्रार डा. एच.के. शर्मा, डीन स्टूडैंट वैल्फेयर डा. जे.के. शर्मा और प्रिंसीपल डा. अविनाश शर्मा के निर्देशानुसार चलाया गया। इस कार्यक्रम का सम्पूर्ण कार्यभार एन.एस.एस. कार्यक्रम को-अर्डीनेटर ई. करण अग्रवाल,कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ने संभाला। एन.एस.एस. स्वंयसेवकों ने कार्यक्रम की शुरूआत पूरे गांव में रैली निकाल कर की। इस कार्यक्रम के अंत में ई. करण अग्रवाल ने ग्रामीणों को जल ही जीवन है के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वंयसेवकअभिनव, जिज्ञासा,गगन, सुजित, दिनेश, उमंग, अंजू, अनिरबान ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

दैनिक सवेरा Sat, 23 July 2016
www.readwhere.com/read/c/11925302

# स्वयंसेवकों ने जल की महत्ता बताई

## एमएमयू के एनएसएस स्वयंसेवकों ने सुहाना में जल संरक्षण की जानकारी दी

भास्कर न्यूज़ | अम्बाला

महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा गांव सुहाना में जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय कुलपति तरसेम गर्ग, रजिस्ट्रार डॉ. एचके शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जेके शर्मा और प्रिंसिपल डॉ. अविनाश शर्मा के निर्देशानुसार चलाया गया।



बराड़ा में जल संरक्षण पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते स्वयंसेवक।

कार्यक्रम का संपूर्ण कार्यभार एनएसएस कार्यक्रम को-ऑर्डिनेटर ई. करण अग्रवाल, कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ने संभाला। एनएसएस स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम की शुरुआत पूरे गांव में रैली निकाल कर की। रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को चौपाल पर एकत्रित किया और उनके समक्ष जल संरक्षण पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जल की महत्ता के बारे बताया। नाटक के पश्चात राहुल ग्रोवर ने ग्रामीणों को जल स्तर बढ़ाने के तरीके बताए और वर्षा जल संचयन के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में ई. करण अग्रवाल ने ग्रामीणों को जल ही जीवन है बारे प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक अभिनव, जिज्ञासा, गगन, सुजित, दिनेश, उमंग, अंजू, अनिरबान ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

**Dainik Bhaskar (23-07-2016)**

# रैली निकाल स्वयंसेवकों ने जल का महत्व बताया



एमएमए यूनिवर्सिटी के स्वयंसेवक लोगों को जागरूक करते हुए।

अमर उजाला ब्यूरो

बराड़ा। महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा गांव सुहाना में जल संरक्षण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का कार्यभार एनएसएस कार्यक्रम कोआर्डिनेटर करण अग्रवाल, कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ने संभाला। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम की शुरूआत पूरे गांव में रैली निकाल कर की। रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को चौपाल पर एकत्रित किया और उनके जसमक्ष जल संरक्षण पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जल की महत्तवता के बारे में बताया। नाटक के पश्चात राहुल ग्रोवर ने ग्रामीणों को जल स्तर बढ़ाने के तरीके बताए और वर्षा जल संचयन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में ई. करण अग्रवाल ने ग्रामीणों को जल ही जीवन है के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वंयसेवक अभिनव, जिज्ञासा, गगन, सुजित, दिनेश, उमंग, अंजू, अनिरबान आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता अपनाओगे तो स्वस्थ रहोगे : बनमाली

अंबाला कैंट। रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल द्वारा शुक्रवार को बीडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का स्वच्छता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल की प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुये क्लब प्रधान ओपी बनमाली ने बताया बताया कि बच्चों में अधिकतर रोग उनके द्वारा हाथों की सही तरह से सफाई न रखे जाने के कारण होते हैं इसलिये रोगों को बच्चों से दूर रखने के लिये क्लब द्वारा हाथों की सफाई पर बल देने के लिये हस्तप्रक्षालन कार्यक्रम अभियान के रुप में चलाया गया है। इस दौरान बच्चों को हाथों को सही प्रकार से धाने के बारे में बताया, जबकि स्वच्छता अपनाने के लिए शपथ भी दिलाई।

**Amar Ujala (23-07-2016)**

# स्वयंसेवकों ने बताया जल का महत्व

बराड़ा। महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा गांव सुहाना में जल संरक्षण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय कुलपति तरसेम गर्ग, रजिस्ट्रार डॉ. एचके शर्मा,डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जेके शर्मा और प्रिंसिपल डॉ. अविनाश शर्मा के निर्देशानुसार चलाया गया। इस कार्यक्रम का संपूर्ण कार्यभार एनएसएस कार्यक्रम को-अर्डीनेटर ई. करण अग्रवाल,कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ने संभाला। एनएसएस स्वंयसेवकों ने कार्यक्रम की शुरुआत पूरे गांव में रैली निकाल कर की। रैली के माध्यम से स्वंयसेवकों ने ग्रामीणों को चौपाल पर एकत्रित किया और उनके समक्ष जल सरंक्षण पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से स्वंयसेवकों ने ग्रामीणों को जल का महत्व बताया। नाटक के पश्चात राहुल ग्रोवर ने ग्रामीणों को जल स्तर बढ़ाने के तरीके बताए और वर्षा जल संचयन के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम के अंत में ई. करण अग्रवाल ने ग्रामीणों को जल ही जीवन है के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वंय सेवक अभिनव, जिज्ञासा, गगन, सुजित, दिनेश, उमंग, अंजू, अनिरबान ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

**AajSamaj (23-07-2016)**

# Maharishi Markandeshwar University

# NSS
# Report
# on
# Cleanliness Drive




**Venue- Shembla Village** **Date -7th March, 2017**

**Program Co-ordinator**
**Er. Karan Aggarwal**

**Program Officer**
**Er. Atul Raj (Unit-1)**
**Er. Dinesh Kumar (Unit-2)**
**Mr. Sanatan Bankim (Unit-4)**
**Mr. Adesh Tripathi (Unit-3)**

NSS unit of Maharishi Markandeshwar University has organized "Cleanliness Drive" in Shembla Village on 7th March, 2017. The events involved in this drive were as follows:

6. Cleanliness Drive in Village

7. Rally

8. Nukkad Natak

9. Clean the religious place

About 170+ NSS volunteers participated in these drive. They clean the village with complete enthusiasm.

Cleanliness Drive in Village










KIDS SHELL

Rally


AHARISHI MARKANDESHWAR U
NATIONAL SERVICE SC
MULLANA
UNIT-2




N.S.S
SERVICE
MULLANA
UNIT-2


N.S.S
NATIONAL


साफ-साफ पानी पिये
जुग-जुग जियो !!!
N.S.S

Nukkad Natak








MAHARISHI MARKANDESHWAR UNIVERSITY
NATIONAL SERVICE SCHEME
MULLANA
UNIT-2

## **Clean the Holy Plave**







## News Clipping of Cleanliness at Markanda River

# स्वयंसेवकों ने सिंबला में चलाया स्वच्छता अभियान



सफाई अभियान में भाग लेते एमएम यूनिवर्सिटी के स्वयंसेवक।

**बराड़ा।** महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा मंगलवार को उपमंडल के गांव सिंबला में स्वच्छता अभियान का आयोजन चलाया गया। अभियान में एमएमयू के कुलपति तरसेम कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गर्ग, रजिस्ट्रार डॉ. सुमित मित्तल व डॉ. जेके शर्मा के निर्देशानुसार इंजीनियर करण अग्रवाल की देखरेख में आयोजित किया गया। स्वच्छता अभियान में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने गांव की सफाई की तथा एक नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली गांववासियों को जागरूक करते हुए चौपाल में पहुंची, जिसके बाद सफाई का आरंभ किया। स्वयंसेवकों ने कुछ गलियों को व गांव के एक मंदिर की सफाई की गई।अभियान को सफल बनाने में सूचित, अजय, मोहित, अमित, आदि स्वयंसेवकों ने मुख्य भूमिका निभाई।

**Amar Ujala (08-03-2017)**

# नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

■ स्वयंसेवकों ने गांव सिंबला में चलाया स्वच्छता अभियान

आज समाज नेटवर्क

**बराड़ा।** महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा मंगलवार को उपमंडल के गांव सिंबला में स्वछता अभियान का आयोजन चलाया गया। अभियान में एमएमयू के कुलपति तरसेम कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गर्ग, रजिस्ट्रार डॉ. सुमित मित्तल व डॉ. जेके शर्मा के निर्देशानुसार इंजीनियर करण अग्रवाल की देखे-रेख में आयोजित किया गया।



गांव सिंबला में नुकड़ नाटका प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक करते स्वयंसेवक। आज समाज

स्वच्छता अभियान में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर ने संपूर्ण गांव की सफाई की तथा एक नुक्कड़ नाटका के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया, जिसकी शुभारंभ रैली में नारे हर घर का सपना, स्वच्छ भारत अपनाना से की गई। रैली गांववासियों को जागरूक करते हुए गांव की विभिन्न गलियों से होती हुई चौपाल में पहुची, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने सफाई का आरम्भ किया। स्वयंसेवकों ने गांव की कुछ गलियों को व गांव के एक मंदिर की सफाई की। उसके बाद स्वयंसेवकों ने डोल ढफली, नारे व तालियों से गांव वालो को एकत्रित किया और एक रोमांचक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांववालों को सफाई के प्रति जागरूक किया व सफाई से होने वाले फायदों से अवगत कराया। अभियान को सफल बनाने में सुचित, अजय, मोहित, अमित, शयान, अक्षय आदि स्वय सेवकों ने मुख्य भूमिका निभाई।

**Aaj Samaj (09-03-2017)**

# बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से दी सफाई की जानकारी

**संवाद सहयोगी, बराड़ा :** महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा मंगलवार को उपमंडल के गांव सिम्बला में स्वछता अभियान का आयोजन चलाया गया।

यह अभियान में एमएमयू के कुलपति तरसेम कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गर्ग, रजिस्ट्रार डा. सुमित मित्तल की देखरेख में आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर ने संपूर्ण गांव की सफाई की तथा एक नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया, जिसकी शुभारंभ रैली में नारे हर घर का सपना, स्वच्छ भारत अपनाना से की गई। रैली गांववासियों को जागरूक करते हुए गांव की विभिन्न गलियों से होती हुई चौपाल में पहुचीं, जिसके बाद स्वयं सेवकों ने सफाई का आरंभ किया।

## गलियों की सफाई

स्वयं सेवको ने गांव की कुछ गलियों को व गांव के एक मंदिर की सफाई की गई उसके बाद सवयंसेवकों ने डोल ढफली, नारे व तालियों से गांव वालों को एकत्रित किया और एक रोमांचक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांव वालो को सफाई के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर सुचित, अजय, मोहित, अमित, शयान, अक्षय आदि स्वयसेवकों ने मुख्य भूमिका निभाई।



अभियान के दौरान ग्रामीणों के साथ उपस्थित स्वयंसेवक ● जागरण

**Dainik Jagran (08-03-2017)**

# Maharishi Markandeshwar University

## NSS Report

## on

## "Cleanliness Drive "




**Date: 7th Jan 2016**

**Programme Co-ordinator:-**

**Er. Karan Aggarwal**

**Programme Officer:**

**Er.Atul Raj (Unit-1)**

**Er. Akash Sharma (Unit-2)**

NSS Unit no. 1 &2 of Maharishi Markandeshwar University has organized "Cleanliness Drive" in Sohana village on 7th Jan, 2016. The villagers have been instructed for cleanliness drive by the NSS volunteers.

One hundred eighty five (185) NSS volunteers has participated in this drive.The events involved on this drive are as follow:

- Nukkad Natak
- Rally
- Clean the village

## Nukkad Natak

In this abhiyan, NSS Volunteers has shown a Nukkad Natak to the villagers on the cleanliness. Through the Nukkad Natak, they spread the massage about the Govt. Scheme "Nirmal Bharat Abhiyan".







## **Rally**

They also take out a Rally. The slogan used by volunteers in the Rally was

"Swach Bharat Ka Sapna, Suhana Gav Apana"

Our Volunteers has started the rally from the Vridh Ashram and cover the Entire Village. They also made different posters on the theme of cleanliness. Through this posters, volunteers has told the villagers about the advantage of the cleanliness and drawbacks of dirtiness.







Cleanliness


प्रकृति का न करें
हरण!





## Clean the Sohana village









## News Clipping of Swachha Bharat Abhiyan (07-01-2016)



### स्वयंसेवकों ने गांव सोहाना में सफाई की

बराड़ा। महर्षि मारकंडेय विश्वविद्यालय, मुलाना के एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव सोहाना में स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई की। गांव में कैंप एमएमयू के कुलपति तरसेम गर्ग, रजिस्ट्रार डॉ. एचके शर्मा व निर्देशक जेके शर्मा के निर्देशन में चलाया गया। इस अभियान का कार्यभार एनएसएस कार्यक्रम कोआर्डिनेटर करण अग्रवाल ने संभाला। अभियान के अंतर्गत एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों ने सोहाना गांव के वृद्ध आश्रम, चौपाल एवं गलियों को साफ किया और एक नुक्कड़ नाटक में स्वयंसेवकों ने नाट्य कला का बहुत अचछा उदाहरण प्रस्तुत किया जिसका उद्देश्य साफ-सफाई रखना था। इस नाटक में गांव वालों को स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई रखने के लाभ एवं सफाई न रखने से होने वाली बीमारियों व दुष्प्रभाव के बारे में बताया। स्वयंसेवकों ने पूरे गांव में रैली निकाल कर गांव वालों को चित्रकारी के माध्यम से गांव स्वच्छता बारे प्रेरित किया। इस अभियान में आकाश शर्मा, अतुल राज एवं आदेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।



### स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छ भारत अभियान

**मुलाना** | महर्षि मार्कंडेय विश्वविद्यालय मुलाना के एनसीसी के स्वयंसेवकों ने गांव सोहाना में स्वच्छ भारत अभियान चलाया। अभियान का कार्यभार एनएसएस कार्यक्रम को-आर्डिनेटर करण अग्रवाल ने संभाला। स्वयंसेवकों ने सोहाना गांव के वृद्ध आश्रम, चौपाल एवं गलियों को साफ किया। एक नुक्कड़ नाटक में स्वयंसेवकों ने नाट्य कला का बहुत अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जिसका उद्देश्य साफ-सफाई रखना था। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकाल कर स्वच्छता बारे प्रेरित किया। इस अभियान में इंजिनीयर आकाश शर्मा, अतुल राज एवं आदेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

**Amar Ujala(08/01/2016)** **Dainik Bhaskar(08/01/2016)**

# सोहाना में चलाया स्वच्छ भारत अभियान

बराड़ा, 7 जनवरी (उमेश): महर्षि मारकंडे विश्वविद्यालय मुलाना के एन.सी.सी. के स्वयंसेवकों ने आज गांव सोहाना में स्वच्छ भारत अभियान चलाया। यह कार्यक्रम एम.एम.यू. के कुलपति तरसेम गर्ग,र जिस्ट्रार डा. एच.के. शर्मा व निदेशक जे.के. शर्मा के निर्देशानुसार चलाया गया।

इस अभियान का कार्यभार एन.एस.एस. कार्यक्रम को-आर्डीनेटर करण अग्रवाल ने संभाला। अभियान के अंतर्गत एन.एस.एस. के सभी स्वयंसेवकों ने सोहाना गांव के वृद्ध आश्रम, चौपाल एवं गलियों को साफ किया और एक नुक्कड़ नाटक में स्वयंसेवकों ने नाट्य कला का बहुत अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य साफ-सफाई रखना था। नाटक में गांव वालों को स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई रखने के लाभ एवं सफाई न रखने से होने वाली बीमारियों व दुष्प्रभाव के बारे में बताया। इस अवसर पर राहुल राज, सौरव, गगन, कुमार सोनू, अर्निबान व लतिका आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




गांव सोहाना में रैली निकालते एनएसएस के स्वंयसेवक। (मसोन)

दैनिक सवेरा
Fri, 08 January 2016
www.readwhere.com/read/c/8006684

# एनसीसी स्वंयसेवकों ने सोहाना में की सफाई

बराड़ा। महर्षि मारकंडेय विवि मुलाना वे एनसीसी के स्वंयसेवकों ने गांव सोहाना में स्वच्छ भारत अभियान के तहत एनएसएस कैंप में साफ सफाई की । यह कैंप एम.एम.यू. के कुलपति तरसेम गर्ग, रजिस्ट्रार डा एच.के. शर्मा व निर्देशव जे.के. शर्मा के निर्देशन में चलाया गया। इस अभियान का कार्यभार एनएसएस कार्यक्रम को-अर्डीनेटर इजि करण अग्रवाल ने संभाला। कैंप में एनएसएस वे सभी स्वंयसेवकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अभियान के अंतर्गत एनएसएस के सभी स्वंयसेवकों ने सोहाना गांव के वृद्ध आश्रम चौपाल एवं गलियों को साफ किया और एव नुक्कड़ नाटक में स्वंयसेवकों ने नाट्य कला क बहुत अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जिसक उद्धेश्य साफ-सफाई रखना था। इस नाटक में गांव वालों को स्वंयसेवको ने साफ-सफाई रखने वे लाभ एवं सफाई न रखने से होने वाली बीमारियं व दुष्प्रभाव के बारे में बताया। स्वंयसेवको ने सरकार द्वारा शुरू की गई साफ-सफाई संबधित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इसवे उपरांत स्वंयसेवको ने पूरे गांव में रैली निकाल क गांव वालो को चित्रकारी के माध्यम से गांव स्वच्छता बारे प्रेरित किया।

■ नुक्कड़ नाटक दिखा लोगों को सफाई के लिए प्ररित किया

**Hari Bhoomi(08/01/2016)**

# स्वयंसेवकों ने सोहाना में चलाया स्वच्छ भारत अभियान

बराड़ा, 7 जनवरी (गेरा): महर्षि मारकंडे विश्वविद्यालय मुलाना के एन.सी.सी. के स्वयंसेवकों ने आज गांव सोहाना में स्वच्छ भारत अभियान चलाया। यह कार्यक्रम एम.एम.यू. के कुलपति तरसेम गर्ग, रजिस्ट्रार डा. एच.के. शर्मा व निदेशक जे.के. शर्मा के निर्देशानुसार चलाया गया। इस अभियान का कार्यभार एन.एस.एस. कार्यक्रम को-आर्डिनेटर इंजी. करण अग्रवाल ने संभाला। कार्यक्रम में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने सरकार द्वारा शुरू की गई साफ-सफाई संबंधित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने पूरे गांव में रैली निकाल कर गांववालों को चित्रकारी के माध्यम से गांव स्वच्छता बारे प्रेरित किया। इस अभियान में इंजी. आकाश शर्मा, अतुल राज एवं आदेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर राहुल राज, सौरव, गगन, कुमार सोनू, अर्निबान व लतिका आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



*गांव सोहाना में रैली निकालते एन.एस.एस. के स्वयंसेवक। (गेरा)*

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 08 January 2016 epaper.punjabkesari.in

**Amabal kesri(08/01/2016)**

# रैली से दिया बेटी बचाने का संदेश

**संवाद सहयोगी, बराड़ा :** महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना के एनसीसी के स्वंयसेवकों ने गांव सोहाना में स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। एमएमयू के कुलपति तरसेम गर्ग, रजिस्ट्रार डॉ. एचके शर्मा व निर्देशक जेके शर्मा के निर्देशानुसार चलाए गए अभियान का कार्यभार एनएसएस कार्यक्रम को-अर्डीनेटर इजि. करण अग्रवाल ने संभाला।

कार्यक्रम में एनएसएस के सभी स्वंयसेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अभियान के अंतगर्त एनएसएस के सभी स्वंयसेवकों ने सोहाना गांव के वृद्ध आश्रम, चौपाल एवं गलियों को साफ किया और एक नुक्कड़ नाटक में स्वंयसेवकों ने नाट्य कला का बहुत अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस नाटक में गांव वालों को स्वंयसेवकों ने साफ-सफाई रखने के लाभ एवं सफाई न रखने से होने वाली बीमारियों व दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। स्वंयसेवको ने सरकार द्वारा शुरू की गई साफ-सफाई संबधित योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी।

इसके उपरांत स्वंयसेवकों ने पूरे गांव में रैली निकाल कर गांव वालों को चित्रकारी के माध्यम से स्वच्छता बारे प्रेरित किया। इस अभियान में इंजि आकाश शर्मा, अतुल राज एवं आदेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर राहुल राज, सौरव, गगन, कुमार सोनू, अर्निबान व लतिका आदि स्वंयसेवक उपस्थित रहे।



**रैली निकालकर लोगों को जागरूक करते एमएमयू के विद्यार्थी।** जागरण

**Dainik Jagran(08/01/2016)**